दिनांकः 12.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचारं

- विधानसभा में आज राज्य बजट 2026–27 पर चर्चा होगी–बजट को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से मिली–जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं
- भारतीय वायु सेना आज से जैसलमेर के पोकरण में वायु शक्ति अभ्यास में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगीं
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं आज से शुरू–6 हजार से अधिक केन्द्रो पर 19 लाख से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा देंगें
- केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कियें

000

विधानसभा में आज राज्य बजट 2026–27 पर चर्चा की जायेगीं साथ ही सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग कार्य सलाहकार समिति के 18 वें प्रतिवेदन का उपस्थापन करेंगें इसके अलावा सदन के पटल पर वित्त विभाग की 18 और वन विभाग की 13 अधिसूचनाएं रखी जायेंगीं साथ ही विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे प्रस्तुत किये जायेंगें वहीं 6 याचिकाओं का उपस्थापन किया जायेगां

000

राज्य बजट 2026–27 कल विधानसभा में पेश किया गयां बजट का केन्द्र विकसित राजस्थान का विजन और अर्थ व्यवस्था रखा गया हैं बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखते हुए विभिन्न घोषणाएं की गई हैं इस बीच बजट पर प्रतिकियाएं मिलने का सिलसिला जारी हैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बजट को प्रदेश के समावेशी विकास के लिए जरूरी बतायां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये बजट आम नागरिकों के हितों के लिए विभिन्न वर्गो के सुझावों से तैयार किया गया हैं

..................

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने बजट को घोषणाओं और नीतियों के ड्राफ्ट का नाकाम बजट बताया हैं

......................

व्यापार और उद्योग जगत के संगठनों ने बजट का स्वागत किया हैं फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के को–चेयरमेन सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने बताया कि इस बजट में आर्थिक गति तथा आधारभूत ढांचे के विकास पर जोर दिया गया हैं उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के लिए तो इस बजट में विशेषरूप से कई प्रावधान किये गये हैं

......................

उधर बालोतरा में वस्त्र उद्योग से जुडे उद्यमियों ने भी बजट के लिए सरकार का आभार जताया हैं लद्यु उद्योग मण्डल के अध्यक्ष जसवंत गोगड ने बताया कि बजट में श्रमिकों की कुशलता को बढ़ाने के लिए सरकार ने जो कदम उठाए है वे सराहनीय हैं

....................

000

भारतीय वायु सेना आज से जैसलमेर के पोखरण में आयोजित होने वाले वायु शक्ति अभ्यास में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेगीं कल नई दिल्ली में पूर्वावलोकन कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए वायु सेना के उप प्रमुख, एयर मार्शल नागेश कपूर ने बताया कि अभ्यास के दौरान 120 से अधिक रक्षा उपकरण तैनात किए जाएंगें एयर मार्शल कपूर ने कहा कि अभ्यास के दौरान दो नए हथियारों के साथ ही स्वदेश निर्मित और स्मार्ट हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगां

वहीं 27 फरवरी को होने वाले वायु शक्ति अभ्यास में कुल 77 लड़ाकू विमान, 43 हेलीकॉप्टर और 8 मालवाहक विमान भाग लेंगें इस अभ्यास में राफेल, सुखोई, मिराज–2000, मिग–29, जगुआर और तेजस जैसे लड़ाकू विमान होंगें

इधर जयपुर में वायु सेना की विश्वप्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम का एयर–शो 22 फरवरी को होगां गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर आत्माराम सावंत ने कल इस शो कि तैयारियों की समीक्षा कीं

बैठक में ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने बताया कि सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के 11 फाइटर जेट तथा सारंग टीम के 6 हेलीकॉप्टर अपने सटीक समन्वय और रंगीन धुएं के आकर्षक पैटर्न के माध्यम से दर्शकों को रोमांचित करेंगें

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं इस साल बोर्ड परीक्षाओं के लिए 19 लाख 90 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकृत हैं परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में 6 हजार 194 केंद्र बनाए गये हैं बोर्ड ने नकल रहित पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं इस साल जिलों में अभय कमांड सेंटर्स के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की जाएगीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बोर्ड परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर पूरे परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा एकाग्रता के साथ परीक्षा देने को कहा हैं उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को प्रोत्साहित करने और घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखने का आग्रह किया हैं

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई इस साल से कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन–स्क्रीन मार्किंग लागू करेगां हालांकि, कक्षा 10 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले की तरह ही भौतिक रूप से किया जाएगां सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि बोर्ड ने दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ये नर्णय लिया हैं श्री भारद्वाज ने बताया कि इस कदम से मैनुअल हस्तक्षेप कम होगा, साथ ही जोड़–घटाने की गलतियां भी दूर होंगीं

000

राज्य सरकार की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से पशुपालकों को बहुत फायदा पहुंच रहा हैं योजना के माध्यम से पशुओं की असामयिक मृत्यु से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई कर पशुपालाकों को राहत पहुंचायी जा रही हैं हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि योजना के पहले चरण में ज़िले में 51 हजार पशुओं का स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र जारी कर बीमा पॉलिसी दी गई हैं

........................

000

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं इसमें कहा गया है कि जब भी राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान एक साथ गाए जाएं, तो राष्ट्रीय गीत के सभी पहले छह छंद गाना अनिवार्य होगां गृह मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राज्यपालों के संबोधन जैसे प्रमुख राजकीय अवसरों पर पूरे छह छंद वाला राष्ट्रीय गीत गाया जाना अनिवार्य होगां नागरिक अलंकरण समारोहों, राष्ट्रपति और राज्यपाल के आगमन और प्रस्थान पर, राजकीय समारोहों

और सरकार द्वारा आयोजित अन्य समारोहों में राष्ट्रगान का आधिकारिक संस्करण बजाया जाएगां राष्ट्रपति द्वारा आकाशवाणी और टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करने से ठीक पहले और बाद में तथा राष्ट्रीय ध्वज को परेड में ले जाने के समय भी राष्ट्रगान बजाया जाना अनिवार्य होगां

000